**'बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत' कटिहार जिलान्तर्गत अंचल-कटिहार के मौजा-सिरनियाँ वक्फ की भूमि पर 560 (पाँच सौ साठ) आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण कार्य के परिवाद निस्तार हेतु दिनांक-07.03.2025 को आहूत निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-<br>सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री संतोष कुमार,**<br>मुख्य महाप्रबंधक,<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | - | सदस्य |
| 4. | **श्री सुनील कुमार,**<br>महाप्रबंधक (उत्तर),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | - | सदस्य |
| 5. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना | - | सदस्य |
| 6. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>महाप्रबंधक (वित्त),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | :- | **'बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत' कटिहार जिलान्तर्गत अंचल-कटिहार के मौजा-सिरनियाँ वक्फ की भूमि पर 560 (पाँच सौ साठ) आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण कार्य।** |
| 2. | **प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग** | :- | ₹57,17,51,000.00, पत्रांक-304, दिनांकः 13.09.2024. |
| 3. | **प्रावैधिक स्वीकृति की राशि एवं तिथि** | | ₹55,04,54,000.00, 29.10.2024. |
| 4. | **परिमाण विपत्र की राशि** | :- | ₹52,23,36,910.00 |
| 5. | **निविदा आमंत्रण संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | :- | ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-23/2024-25, 008793-(B & C) 2024-25 |
| 6. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | :- | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 7. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | :- | दैनिक जागरण/दैनिक भास्कर, दिनांकः 25.09.2024. |
| 8. | **निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय** | :- | दिनांक-05.10.2024 से 18.11.2024 के 15:00 बजे तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय** | :- | दिनांक-19.11.2024 के 15:00 बजे तक |
| 10. | **तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय** | | दिनांक-20.11.2024 के 15:00 बजे तक |
| 11. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता** | :- | (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005.<br>(ii) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311.<br>(iii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217.<br>(iv) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101. |
| 12. | **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के अनुशंसा की तिथि** | :- | 07.03.2025 |

**<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा(वर्त्तमान):-</u>**

इस निविदा में चार निविदादाताओं ने भाग लिया है। दिनांक-07.01.2025 को आयोजित निगम निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में इस ई-निविदा में भाग लेनेवाले चार निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 (ii) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 (iii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 एवं (iv) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 **में से दो निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 एवं (ii) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 को तकनीकी बीड में सफल** तथा दो निविदादाताओं (i) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 एवं (ii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने तथा Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 के विरुद्ध ई श्यामाकांत झा का सर्टिफिकेट एवं शपथपत्र बिना उनकी सहमति के निविदा में संलग्न किये जाने के कारण बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली के अनुसार कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। निगम निविदा समिति से संबंधित कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर दिनांक-13.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त करने हेतु रखा गया। दिनांक-10.01.2025 को Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 के द्वारा परिवाद समर्पित किया गया जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

| परिवाद के बिन्दु | समीक्षा |
| --- | --- |
| 1. यह कि तकनीकी बीड मुल्यांकन में बताया गया है कि मेरे द्वारा निविदा में समर्पित Form E-1 में इंजिनियर श्यांमाकांत झा (Bsc. Civil) द्वारा दिये गये शपथ पत्र बिना उनके सहमति का है चूंकि उनके द्वारा विभाग को सूचनार्थ शपथ पत्र प्रेषित किया गया है कि वो पिछले दो वर्षों से किसी भी संवेदक को अपना योगदान नहीं दे रहे जबकि इस निविदा हेतु वह स्वयं अपनी सहमति से मुझे शपथ पत्र निर्गत किये हैं। मेरे द्वारा निविदा में इंजिनियर श्यामाकांत झा का जो Affidavit दस्तावेज लगाया गया है वो बिल्कुल सही व सत्य है। | परिवादी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि उनके द्वारा निविदा में समर्पित ई0 श्यामाकांत झा द्वारा समर्पित शपथ पत्र बिल्कुल सत्य है एवं उनके द्वारा फर्म को योगदान दिया जा रहा है। इसकी सत्यता की जाँच हेतु महाप्रबंधक (उत्तर) के पत्रांक-214 दिनांक-16.01.2025 के माध्यम से परिवादी यथा स्वयं निविदाकार से निम्न कागजातों जैसे Degree, Aadhar Card, Death Certificate, Appointment Letter, Payment Slip, Bank transaction details, EPFO Registration के Original एवं Attested copy के साथ 3 दिनों के अंदर उपस्थित होने का निदेश दिया गया है। इसके आलोक में परिवादी यथा स्वयं निविदाकार द्वारा दिनांक-18.01.2025 को via email तथा दिनांक-20.01.2025 को सशरीर महाप्रबंधक (उत्तर) के समक्ष उपरोक्त कागजातों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हुए। परिवादी यथा स्वयं निविदाकार द्वारा उपरोक्त कागजातों के Original दिखाने में **असमर्थता जतायी गई है।** साथ ही परिवादी द्वारा ई0 श्यामाकांत झा का Letter of appointment दिनांक-01.07.2024 को निर्गत है जबकि परिवादी यथा स्वयं निविदाकार द्वारा NIT No-60/BSBCCL/2023-24 (जिलास्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र अररिया) जो कार्य उनको आवंटित है एवं कार्य प्रगति पर है, में निविदा के साथ समर्पित 09.02.2024 के शपथ पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि ई0 श्यामाकांत झा उनके फर्म में कार्यरत हैं एवं उक्त कार्य उनके द्वारा किया जाएगा।<br>अतः परिवादी यथा स्वयं निविदाकार के द्वारा इस निविदा के लिए समर्पित ई0 श्यामाकांत झा के Letter of Appointment तथा पूर्व में NIT No-60/BSBCCL/2023-24 के लिए **समर्पित शपथ पत्र में विरोधाभास होने के कारण इनके परिवाद को अमान्य किया जाता है।** साथ ही दिनांक-23.12.2024 को ई0 श्यामाकांत झा की मृत्यु हो जाने के कारण निविदा में संलग्न ई0 श्यामाकांत झा के शपथ पत्र की सत्यता की पुष्टि नहीं किये जा सकने के कारण Bablu Kumar Bhagat के विरुद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अनुसार कार्रवाई करने के निर्णय से विमुक्त किया जाता है। |

| | |
|---|---|
| 2. यह कि निविदा का तकनीकी दिनांक-26.12.24 को खुल रहा है। जबकि इंजिनियर श्यामाकांत झा के द्वारा शपथ पत्र विभाग में 27.12.2024 को समर्पित किया जा रहा है जबकि श्यामाकांत झा का देहान्त 23.12.24 को हो चुका है यह काफी आश्चर्यपूर्ण लग रहा है की शपथ पत्र का Affidavit Date 13.12.2024 का है जो कि तकनीकी ओपन उपरान्त 27.12.24 को जालसाज के द्वारा जमा किया जा रहा है। चूंकि जालसाज को यह पता ही नहीं था कि इंजिनियर श्यामाकांत झा का देहान्त 23.12.24 को हो चुका है। | कंडिका-01 के आलोक में अमान्य। |
| 3. यह कि इंजिनियर श्यामाकांत झा के द्वारा विभाग को सूचनार्थ शपथ पत्र में बताया गया है कि पिछले दो वर्ष (दिनांकः-01.01.2022 से 13.12.2024) के समयावधि में किसी संवेदक को अपना योगदान नहीं दिया गया, जबकि अंकित दिनांक से यह समयावधि लगभग 3 वर्ष हो जा रहा है, यह भी एक षडयंत्र है। | कंडिका-01 के आलोक में अमान्य। |
| 4. यह कि इंजिनियर श्यामाकांत झा के द्वारा विभाग को सूचनार्थ शपथ पत्र अचानक से 3 वर्षो के पश्चात जमा किया जा रहा है जो कि संदेह के दायरे में है कि यह जालसाज के द्वारा षडयंत्र है मुझे निविदा से वंचित करते हुए मुझपर अनावश्यक गलत तरीके से कार्रवाई कराने के लिए। | कंडिका-01 के आलोक में अमान्य। |
| 5. यह कि इंजिनियर श्यामाकांत झा स्वास्थ खराब होने के पश्चात15.12.24 को ईलाज हेतु दिल्ली जा रहे हैं जहां इलाजरत रहते हुए दुर्भाग्य से 23.12.24 को मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं जिसका अस्पताल द्वारा निर्गत मृत्यु के कागजात का छायाप्रति इस आवेदन के साथ संलग्न है। | मान्य। |

| | |
|---|---|
| 6. यह कि इंजिनियर श्यामाकांत झा के द्वारा सुचनार्थ शपथ पत्र 27.12.24 को विभाग को किस माध्यम से समर्पित किया जा रहा है? इस षडयंत्र करने वाले दोषी का पहचान कर विभाग के द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाय/करने की आवश्यकता है। | कंडिका-01 के आलोक में अमान्य। |

**तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा**

उपरोक्त के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा दिनांक-07.01.2025 के निविदा समिति के निर्णय में आंशिक परिवर्तन करते हुए इस निविदा में भाग लेनेवाले चार निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 (ii) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 (iii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 एवं (iv) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 **में से दो निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 एवं (ii) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 को तकनीकी बीड में सफल** तथा दो निविदादाताओं (i) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 एवं (ii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा निगम निविदा समिति से की जाती है परन्तु दिनांक-23.12.2024 को ई0 श्यामाकांत झा की मृत्यु हो जाने के कारण निविदा में संलग्न ई0 श्यामाकांत झा के शपथ पत्र की सत्यता की पुष्टि नहीं किये जा सकने के कारण Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अनुसार कार्रवाई करने के निर्णय से विमुक्त करने की अनुशंसा की गई है।

**निगम निविदा समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांकः 07.03.2025 की अनुशंसा के आलोक में इस ई-निविदा में भाग लेनेवाले चार निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 (ii) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 (iii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 एवं (iv) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 **में से दो निविदादाताओं (i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 एवं (ii) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101 को तकनीकी बीड में सफल** तथा दो निविदादाताओं (i) Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist-

Araria (Bihar)-854311 एवं (ii) M/S Madan Prasad, Santoshi Maa Path, Gali No-10, Gaurakshini, Sasaram, Dist-Rohtas (Bihar)-802217 को तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है परन्तु दिनांक-23.12.2024 को ई० श्यामाकांत झा की मृत्यु हो जाने के कारण निविदा में संलग्न ई० श्यामाकांत झा के शपथ पत्र की सत्यता की पुष्टि नहीं किये जा सकने के कारण Bablu Kumar Bhagat, At+Post-ADB Chowk, PS+Dist- Araria (Bihar)-854311 को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अनुसार कार्रवाई करने के निर्णय से विमुक्त करने का निर्णय लिया जाता है। उक्त के आलोक में तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं **(i) M/S BPC Infraprojects Private Limited, Galaxia Mall, 2nd Floor, Unit-12, Piska More, Ratu Road, Ranchi-834005 एवं (ii) M/S Prasad Construction & CO., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda-803101** का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर डाली जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>महाप्रबंधक(वित्त),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना | (सुनील कुमार)<br>महाप्रबंधक(उत्तर),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना |
| (संतोष कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक,<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना | (कुमार रवि)<br>प्रबंध निदेशक,<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना |